Bareilly, Thursday,
18 September 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO: 06 TOP

# श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थानों में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन



**BAREILLY (17 Sep):** श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थानों इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कालेज में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन हुआ. इस अवसर पर महाविद्यालयों की सभी वर्कशापों को फूलों से सजाया गया, इसके साथ ही मशीनों एवं औजारों का पूजन किया गया .श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, में प्रातः 10 बजे महाविद्यालय की वर्कशाप में विश्वकर्मा पूजा का शुभारम्भ संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति के द्वारा किया गया. संस्था की कार्यशाला में भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर संस्था में हवन पूजन किया गया. इसमें मैकेनिकल विभाग के छात्र/छात्राओं, मेडिकल के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट के डायरेक्टर डा. अनुज कुमार व डीन फार्मेसी डा. अमित कुमार शर्मा आदि रहे.